रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-13022020-216135
CG-DL-E-13022020-216135

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 595] नई दिल्ली, मंगलवार, फरवरी 11, 2020/माघ 22, 1941
No. 595] NEW DELHI, TUESDAY, FEBRUARY 11, 2020/MAGHA 22, 1941

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 फरवरी, 2020

का.आ.653 (अ).- अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारुप, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए अपनी आपत्ति या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को या ई-मेल esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकता है।

प्रारूप अधिसूचना

और, नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व (एनएसटीआर) आंध्र प्रदेश के नाल्लमारा पर्वतमाला (पूर्वी घाटों की शाखा) में स्थित है। कोर और बफर के साथ बाघ रिज़र्व का कुल क्षेत्रफल 3727.82 वर्ग किलोमीटर है जो आंध्र प्रदेश के प्रकाशम, कुरनूल और गुंटूर जिलों में फैला है। बाघ रिज़र्व के क्षेत्र का गठन दो वन्यजीव अभयारण्य अर्थात् राजीव गांधी वन्यजीव अभयारण्य और गुंडला ब्रह्मेश्वरम् वन्यजीव अभयारण्य (जीबीएम) करते हैं। राज्य के द्विभाजन के बाद, नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व कृष्णा नदी द्वारा दो भागों में विभाजित हो गया है। आंध्र प्रदेश में नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व नदी के दक्षिणी भाग में है और तेलंगाना राज्य में अम्राबाद बाघ रिज़र्व उत्तरी भाग में है। इस अधिसूचना में आंध्र प्रदेश के नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन के लिए प्रस्तावित है;

और, नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व (एनएसटीआर), आंध्र प्रदेश में दक्षिणी पूर्वी घाटों के नाल्लमारा पर्वतमाला में जैव विविधता, लुप्तप्राय वनस्पतियों और इससे संबंधित जीवजन्तु के लिए वास स्थान है। यह बाघ रिज़र्व दक्कन पठार (6डी, 6ई) की विशिष्ट भौतिक और जैविक विशेषताओं का प्रतीक है। बाघ रिज़र्व का अधिकांश भाग पठारों, रिज़स्, ज़ोर्जस् और गहरी घाटियों के साथ पहाड़ी है जो बांस और घास की कम उपज के साथ उष्णकटिबंधीय मिश्रित शुष्क पर्णपाती वनों का आश्रय प्रदान करता है। दो अभयारण्य अर्थात्, राजीव गांधी वन्यजीव अभयारण्य और गुंडला ब्रह्मेश्वरम् अभयारण्य बाघ रिज़र्व बनाते हैं। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 26क जी.ओ. एमएस. सं. 84 ईएफएस एवं टी (फॉर-III) विभाग, दिनांक 27 जून, 1998 को राजीव गांधी वन्यजीव अभयारण्य को अंतिम अधिसूचना के लिए जारी किया गया है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 26क जी.ओ. एमएस. सं. 81 ईएफएस एवं टी (फॉर-III) विभाग, दिनांक 27 जून, 1998 को गुंडला ब्रह्मेश्वरम् अभयारण्य को अंतिम अधिसूचना के लिए जारी किया गया है;

और, राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आसपास पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन की घोषणा के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के द्वारा निर्णय लिया गया है। आंध्र प्रदेश सरकार ने अभयारण्य के अंतर्गत और आदिवासियों और अन्यों को नदी से प्राप्त होने वाली सुविधाओं और अन्य बाहरी विकास क्रियाकलापों के संबंध में आंध्र प्रदेश सरकार के मेमो सं. 11747/एफओआर-11(2)12006, ईएफएस एवं टी (एफओआर-III) विभाग, दिनांक 13 मार्च, 2012 के द्वारा प्राकृतिक वातावरण में वन्यजीवों की सुरक्षा व बचाव को ध्यान में रखते हुए संबंधित जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में सम्बद्ध विभागों के परामर्श से संरक्षित क्षेत्रों के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन की पहचान करने के निर्देश जारी किए हैं। तदनुसार, कुर्नूल, प्रकाशम और गुंटूर जिलों के जिला कलेक्टरों और जिला मजिस्ट्रेटों द्वारा राजीव गांधी वन्यजीव अभयारण्य और अभयारण्य के बफर क्षेत्र के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन की घोषणा के लिए बैठक बुलाई गई थी। बैठक के दौरान निम्नलिखित मुद्दों पर भी चर्चा की गई;

और, बैठक में यह चर्चा की गई थी कि बफ़र ज़ोन क्षेत्र बाघ रिज़र्व के लिए अच्छा आघात अवशोषक के रूप में कार्य करता है और वन्यजीवों को आश्रय प्रदान करता है जो मूल क्षेत्र से बाहर चले जाते हैं। बाघ रिज़र्व को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने और मूल क्षेत्र पर दबाव को कम करने और अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए बाघ रिज़र्व के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन प्रस्तावित किया गया है। जहां भी बाघ रिज़र्व की राजस्व भूमि से समीप "रिज़र्व वन" नहीं हैं, उन्हें पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन के रूप में प्रस्तावित किया गया है। इसलिए, नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व के आसपास पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन की आवश्यकता है;

और, नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व के अंतर्गत चार वन संभाग अर्थात्, अतामाकुर, मरकापुर, गिद्दुरुर और नंदयाल वन्यजीव संभाग आते हैं। नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व के पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन

का कुछ भाग कृषि क्षेत्र है। यह कृषि भूमि सामान्य रूप से पट्टा भूमि है और वैध रूप से रहने वालों द्वारा उपयोग में लाया जाता है। मुख्य कृषि फसलें मक्का, मूंगफली, सूरजमुखी, मिर्च, कपास, धान आदि हैं। पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन में स्थित कृषि क्षेत्र में शाकाहारी जानवर जैसे हिरण और जंगली सूअर और इनकी खोज में मांसाहारी जानवर अधिक देखे जाते हैं। इस क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन घोषित करने पर, वन्यजीवों और इसके वास को अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है। ग्रामीणों विशेषतः उन किसानों की आजीविका क्रियाकलाप, जिनकी भूमि पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन के अंतर्गत आती हैं, प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि वन क्षेत्र के बाहर राजस्व भूमि में चल रही कृषि प्रथाओं और अन्य पारंपरिक आजीविका क्रियाकलापों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है;

और, नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व प्रायद्वीप भारत के दक्कन पठार में विभिन्न वनस्पतियों और जीवजन्तुओं के साथ जैव विविधता का भंडार है। बाघ रिज़र्व की स्थलाकृति विभिन्न छोटे-बड़े वासों के साथ विभिन्न प्रकार के जंगली पशुओं को आश्रय देने में सक्षम बनाती है;

और, नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व विशिष्ट दक्कन पठार (6डी, 6ई) की वनस्पति और जीवजन्तु की प्रजातियों को दर्शाता है। अभयारण्यों में पहाड़ी क्षेत्र के साथ पठारों, रिज़स्, ज़ोर्जस् और गहरी घाटियों की विशिष्टता है, जो बांस और घास की कम उपज के साथ उष्णकटिबंधीय मिश्रित शुष्क पर्णपाती और आर्द्र पर्णपाती वनों का आश्रय प्रदान करती है। संरक्षित क्षेत्र वृक्षों, झाड़ियों, जड़ी-बूटियों और पर्वतारोहियों से युक्त समृद्ध वनस्पति विविधता से संपन्न है। औषधीय पौधों की 353 प्रजातियों के साथ घास की 29 प्रजातियों और 149 परिवारों के लगभग 1521 एंजियोस्पर्म टक्सा को प्रलेखित किया गया है। यहां सबसे मुख्य वृक्ष *टर्मिनलिया टोमेंटोसा*, *एनोगाइसस लैटिफोलिया*, *क्लोरोक्सिलीन स्वेटेनिया*, *हार्डविकिया बिनाटा*, *पेटरोकार्पस मार्सुपियम*, *लैनिआ ग्रांडिस*, *बोसवेलिया सेराटा*, *डालबरजिया पैनिकुलाटा*, *ज़िज़िफ़स ज़ाइलोपाइरस*, *लेगरोस्ट्रोइमिया परविफ्लोरा*, *टर्मिनालिया अर्जुन,* आदि पाए जाते हैं। यहां नाल्लमालाई में सिर्फ कुछ स्थानिक पौधे जैसे *एंड्रोग्राफिस नल्लमालयाना*, *एरिओलेना लुशिंगटनी*, *क्रोटलारिया मदुरेंसिस वर्. कुरनूलिया*, *डिक्लिप्टेरा बेडडोमि* और *प्रेमा हैमिल्टनी*, आदि पाए जाते हैं;

और, राजीव गांधी वन्यजीव अभयारण्य और गुंडला ब्रह्मेश्वरम् वन्यजीव अभयारण्य पशुओं, पक्षियों, कीड़े-मकोड़ों, सरीसृपों और उभयचरों की बृहत् विविधता को आश्रय प्रदान करता है। संरक्षित क्षेत्र में कई चरिसमेकटि पशुओं जैसे बाघ, तेंदुआ, रीछ, जंगली कुत्ता, सियार, रेटेल, साही, विशाल गिलहरी, माउस डियर, चौसिंगा मृग, सांभर, चित्तीदार हिरण, नीलगाय और बनैला सूअर का वास है। इस बाघ रिज़र्व में जीवजन्तु प्रजातियों में स्तनधारी की 50 प्रजातियाँ, पक्षियों की 200 प्रजातियाँ, सरीसृपों की 54 प्रजातियाँ, उभयचरों की 18 प्रजातियाँ, मछलियों की 5 प्रजातियाँ, तितलियों की 84 प्रजातियाँ, मोथ की 57 प्रजातियाँ, कोलियप्ट्रेन भृंग की 45 प्रजातियाँ, डैमस्लेफ्लेइस् की 30 प्रजातियाँ, आदि प्रलेखित हैं। बाघ रिज़र्व में पशुओं, पक्षियों, सरीसृपों, उभयचरों, कीड़े-मकोड़ों की बृहत् विविधता की उपस्थिति इस भू-दृश्य की जैव-विविधता का प्रमाण है;

और, नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व के चारों ओर के क्षेत्र, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, को पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमें इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की उप-धारा (1) तथा धारा 3 की उप-धारा (2) एवं उप-धारा (3) के खंड (v) और खंड (xiv) केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आंध्र प्रदेश राज्य के कुरनूल, प्रकाशम और गुंटूर जिले के नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) से 5 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को

पारिस्थितिकी-संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.**-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) से 5 किलोमीटर की दूरी तक है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 2149.68 वर्ग किलोमीटर है। (कृष्णा नदी और तेलंगाना के साथ अंतरराज्यीय सीमा के कारण पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार शून्य है।)

(2) नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का वर्णन **उपाबंध-I** के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व का मानचित्र **उपाबंध- II** के रूप में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध-III** के सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है ।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-IV** के रूप में संलग्न है।

2. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.–** (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनायेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;
(ii) वन और वन्यजीव;
(iii) पर्यटन;
(iv) आदिवासी कल्याण;
(v) कृषि;
(vi) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;
(vii) पंचायती राज;
(viii) राजस्व;
(ix) ग्रामीण और शहरी विकास;
(x) उद्योग;
(xi) नगरपालिका;

(xii) एपीटीआरएएनएससीओ;

(xiii) आंध्र प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड; और

(xiv) लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का सहायक मानचित्र के साथ निर्धारण किया जाएगा। महायोजना में प्रस्तावित और विद्यमान भू- उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा भी सहायक मानचित्र द्वारा दिया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और पैरा 4 की सारणी में यथासूचीबद्ध प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) अनुमोदित आंचलिक महायोजना निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, स्थानीय सुविधाएं तथा ग्रह वास; और

(v) बढ़ावा दिए गए पैराग्राफ 4 में उल्लिखित क्रियाकलाप:

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा।

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**- आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा जल आवाह प्रबंधन योजना इस रीति से बनाई जाएगी कि उसमें आवाह क्षेत्रों में विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया गया हो ।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन सम्बंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुज्ञात होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी ।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जायेगी;

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

तथापि, पारिस्थितिकी-पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना अनुज्ञात होगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा

संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल, रिसोर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**– पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए विनियमों को कार्यान्वित करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण साधारणों मानकों के अन्तर्गत पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों जो भी अधिक कठोर हो के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ईएसएम) का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रंबंधन अनुज्ञात किया जायेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रंबंधन अनुज्ञात किया जायेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात.-** सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा। स्वच्छतर ईंधन के प्रयोग के प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी।

(ii) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सहित अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्र. सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	टिप्पणी (3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और क्रशिंग इकाईयां ।	(क) सभी नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और तोड़ने की इकाईयों को व्यक्तिगत उपभोग के लिए घरों के सन्ननिर्माण या मरम्मत के लिए और भूमि को खोदने या घरों या अन्य क्रियाकलापों के लिए देसी टाइल्स या ईंटों के निर्माण के प्रतिनिर्देश से स्थानीय निवासियों के वास्तविक घरेलू आवश्यकताओं के सिवाए प्रतिषिद्ध किया जाएगा; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गोदाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में किया जायेगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, शोर आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगी: जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
3.	जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।

क्र. सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	टिप्पणी (3)
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
9.	होटलों और रिजॉर्टो की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण को छोड़कर संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार अनुज्ञात होगी ।
10.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु, स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी। परन्तु गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
11.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग तथा अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योग, जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाते हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
12.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
13.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

क्र. सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	टिप्पणी (3)
14.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
15.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण उपायों नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ किए जाएंगे।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण उपायों नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ किए जाएंगे।
17.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उड़ाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
18.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
20.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
21.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अनुसार विनियमित (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होगा ।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहि:स्त्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल/ बहि:स्त्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
24.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	पॉलिथीन बैग का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
28.	वाणिज्यिक साइन बोर्ड और होर्डिंग्स।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
29.	विकासात्मक गतिविधियों के	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

क्र. सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	टिप्पणी (3)
	लिए विस्फोटकों का उपयोग।	
	ग.संवर्धित क्रियाकलाप	
30.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग, आदि।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	बागवानी और वनौषधियों का रोपण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन अधिसूचना की निगरानी के लिए निगरानी समिति.- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन जारी इस अधिसूचना उपबंधों को प्रभावी निगरानी के लिए एतद्वारा एक निगरानी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

क्र. सं.	निगरानी समिति का गठन	पद
(i)	जिला कलेक्टर, संबंधित जिला	अध्यक्ष, पदेन;
(ii)	राज्य सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का प्रतिनिधि	सदस्य;
(iii)	पर्यावरण इंजीनियर, संबंधित जिला, आंध्र प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	सदस्य;
(iv)	परियोजना अधिकारी, संबंधित आईटीडीए	सदस्य;
(v)	अधीक्षण अभियंता, आरएंडबी, संबंधित जिला	सदस्य;
(vi)	राज्य सरकार द्वारा नामित जैव विविधता और पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(vii)	संबंधित जिले के सहायक निदेशक, खान और भूविज्ञान	सदस्य;
(viii)	संयुक्त निदेशक, कृषि, संबंधित जिला	सदस्य;
(ix)	जिला पर्यटन अधिकारी, संबंधित जिला	सदस्य;

(x)	महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, संबंधित जिला।	सदस्य;
(xi)	जिला वन्यजीव वार्डन, संभागीय वन अधिकारी	सदस्य सचिव।

6. विचारार्थ विषय.- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले और भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में शामिल क्रियाकलापों इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों को छोडकर वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उन्हें उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजा जाएगा।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों को छोड़कर, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में शामिल न किए गए परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले क्रियाकलापों की वास्तविक स्थल- विशिष्ट दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उन्हे संबंधित विनियामक प्राधिकरणों को भेजा जाएगा।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन शिकायत दर्ज करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध -V** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/86/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध- I

आंध्र प्रदेश राज्य में नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

(ए से डी):- पारिस्थितिकी संवेदी जोन मानचित्र में दर्शाए गए वेलगोडे श्रेणी के वेलगोडे रिज़र्व वन में स्टेशन 'ए' (कॉम्प. 644 का दक्षिण पश्चिम कोण) से आरंभ होती है। स्टेशन ए का जीपीएस निर्देशांक 15.73300उ, 78.61000पू है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन वेलगोडे श्रेणी के वेलगोडे रिज़र्व वन में कम्पार्टमेंट संख्या 646, 647, 648, 649 की दक्षिणी सीमा के साथ पश्चिमी दिशा में जाती है और कम्पार्टमेंट संख्या 649 के दक्षिण पश्चिम कोण पहुँचती है। इसके बाद रेखा वेलगोडे श्रेणी के वेलगोडे रिज़र्व वन में कम्पार्टमेंट संख्या 649, 650, 651, 653 और 652 की पश्चिमी सीमा के साथ आड़े-तिरछे ढंग में उत्तर पश्चिम दिशा की ओर जाती है यह कम्पार्टमेंट 652 के उत्तरी कोण पहुँचकर और इसके अतिरिक्त वेलगोडे श्रेणी के कम्पार्टमेंट संख्या 653, 656 और बैरलुटी श्रेणी के कम्पार्टमेंट संख्या 697, 698, 700, 701 की उत्तरी सीमा के साथ 100 मीटर की चौड़ाई के साथ आड़े-तिरछे ढंग में दक्षिण और पूर्वी दिशा की ओर जाती है। इसके बाद यह कम्पार्टमेंट संख्या 747 की पश्चिमी सीमा के साथ उत्तर पूर्व दिशा में मुड़कर और कम्पार्टमेंट संख्या 747 के उत्तर-पश्चिम कोण में कुरनूल-गुंटूर सड़क पर बिन्दु 'बी' से मिलती है। स्टेशन 'बी' का जीपीएस निर्देशांक 15.86642उ, 78.69979पू है।

इसके बाद सीमा रेखा कम्पार्टमेंट संख्या 748, 749, 750, 832, 833, 834, 835 के साथ नागालुटी श्रेणी के गुव्वालाकुन्ता 'सी' रिज़र्व वन की बाहरी रिज़र्व वन सीमा 100 मीटर की चौड़ाई के साथ आड़े-तिरछे ढंग में उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर जाती है और कम्पार्टमेंट संख्या 835 के उत्तरी कोण से मिलती है। इसके बाद सीमा रेखा नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व के अधिसूचित बफर से और कम्पार्टमेंट संख्या 816, 821, 822, 823, 824 की दक्षिणी सीमा के साथ 100 मीटर की चौड़ाई के साथ आड़े-तिरछे ढंग में पश्चिमी दिशा की ओर जाती है और मानचित्र पर दर्शाए गए स्टेशन 'सी' से मिलती है जो कि कम्पार्टमेंट संख्या 824, गुव्वालाकुन्ता-बी रिज़र्व वन, अतमाकुर श्रेणी के दक्षिण पश्चिम कोण पर है। स्टेशन 'सी' के जीपीएस निर्देशांक 15.97570उ, 78.50460पू है।

इसके बाद सीमा रेखा अतमाकुर श्रेणी के नन्दीकोटकुर रिज़र्व वन में कम्पार्टमेंट संख्या 824, 797, 793, 794 की पश्चिमी सीमा के साथ आड़े-तिरछे ढंग में उत्तरी दिशा में जाती है और मानचित्र में दर्शाए गए बिन्दु 'डी' पहुँचती है जो कि कम्पार्टमेंट संख्या 794 के उत्तर पश्चिम कोण पर है। स्टेशन 'डी' के जीपीएस निर्देशांक 16.05913उ, 78.49756पू है।

(डी से ई):- पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा कृष्णा नदी के केन्द्र रेखा (मध्य रेखा) के साथ डी से ई तक जाती है जो कि आंध्र प्रदेश एवं तेलांगना की अन्तर्राज्यीय सीमा के बीच अर्थात् दक्षिणी भाग पर आंध्र प्रदेश, नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व के राजीव गांधी वन्यजीव अभयारण्य के बीच सीमा और कृष्णा नदी के उत्तरी भाग पर तेलांगना राज्य के आमराबाद बाघ रिज़र्व है।

पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा श्रीशैलम, जी.वी पल्ली और वी.पी दक्षिणी श्रेणी में आड़े-तिरछे ढंग में बिन्दु 'डी' से कृष्णा नदी के मध्य के साथ मुड़कर और नागार्जुनसागर जलाशय को छूती है और इसके अतिरिक्त कृष्णा नदी के मध्य के साथ उत्तर पूर्वी दिशा में जाती है यह बिन्दु 'ई' अर्थात् वी.पी दक्षिण श्रेणी के टुम्मरकोटा रिज़र्व वन के कम्पार्टमेंट संख्या 88 के उत्तरी भाग से 1 किलोमीटर पहुँचती है। स्टेशन 'ई' के जीपीएस निर्देशांक 16.61847उ, 79.46114पू है।

(ई से जी): इसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा रेखा राजीव गांधी वन्यजीव अभयारण्य सीमा से '1' किलोमीटर की चौड़ाई के साथ और कम्पार्टमेंट संख्या 88 की पूर्वी सीमा के साथ आड़े-तिरछे ढंग में दक्षिणी दिशा की ओर बिन्दु ई तक जाती है, इसके बाद पश्चिम की ओर मुड़कर और इसके अतिरिक्त दक्षिण और कम्पार्टमेंट संख्या 87 की पूर्वी सीमा से 1 किलोमीटर की दूरी में मुड़ती है और मानचित्र में दर्शाए गए स्टेशन 'एफ' से मिलती है। स्टेशन 'एफ' के जीपीएस निर्देशांक 16.52433उ, 79.44743पू है।

इसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन कम्पार्टमेंट संख्या 87, 86 और 85 के दक्षिण राजीव गांधी वन्यजीव अभयारण्य सीमा के '1' किलोमीटर की चौड़ाई के साथ आड़े-तिरछे ढंग में पश्चिमी दिशा की ओर बिन्दु एफ तक जाती है। इसरे बाद वी.पी दक्षिण श्रेणी, पसुवेमुला रिज़र्व वन के कम्पार्टमेंट संख्या 83 के उत्तर पूर्व कोण से 1 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम की ओर मुड़ती है।

इसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा रेखा दक्षिण की ओर जाती है और कन्डलागुन्टा रिज़र्व वन के कम्पार्टमेंट संख्या 83, 77, 75, 70 और 69 और वी.पी दक्षिण श्रेणी के गन्गुलागुन्टा रिज़र्व वन के कम्पार्टमेंट संख्या 68 और 67 के पूर्व पर राजीव गांधी वन्यजीव अभयारण्य सीमा से '1' किलोमीटर की चौड़ाई के साथ आड़े-तिरछे ढंग में मुड़ती है यह कम्पार्टमेंट संख्या 64 की पश्चिमी सीमा को छूती है। इसके बाद यह उत्तर पूर्व की ओर मुड़कर, कम्पार्टमेंट संख्या 64 की पश्चिमी सीमा के साथ होते हुए जाती है जो कि नागार्जुनसागर श्रीशैलम बाघ रिज़र्व का अधिसूचित बफर है। इसके बाद यह दक्षिण में मुड़ती है और कम्पार्टमेंट संख्या 64 की उत्तर पश्चिम सीमा, कम्पार्टमेंट संख्या 63 की पश्चिमी, उत्तरी और पूर्वी सीमाओं के साथ विभिन्न दिशाओं में मुड़ती है और स्टेशन 'जी' से मिलती है जो कि मानचित्र में दर्शाए गए गुन्टुर और प्रकाशम जिलों की जिला सीमा पर स्थित है। स्टेशन 'जी' के जीपीएस निर्देशांक 16.23081उ, 79.33778पू है।

